## एक नजर में

### नि :शुल्क नेत्र शिविर कल

**नवभारत न्यूज ब्यावरा 19 जनवरी, का.** नगर के श्री अंजनी लाल मंदिर धाम पर कल 21 जनवरी को नि :शुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया जाएगा . श्री सदगुरू संकल्प नेत्र चिकित्सालय आनंदपुर के सहयोग से लगने वाले नेत्र शिविर में आंखों का नि :शुल्क उपचार एवं ऑपरेशन किए जाएंगे, शिविर में भर्ती मरीजों की जांच ऑपरेशन, भोजन, दवाई आदि का प्रबंध नि :शुल्क रहेगा . नेत्र रोगी अपने साथ आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर अवश्य साथ लेकर आये .

### पेंशनर महासंघ कल सौंपेगा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज ब्यावरा 19 जनवरी, का.** सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ द्वारा कल 21 जनवरी को जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को 9 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा . संगठन के जिला संयोजक बापू सुमन एवं भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष राजेश सक्सेना द्वारा सेवानिवृत कर्मचारियों से अपील की गई है कि अधिक अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर ज्ञापन के कार्यक्रम में भाग ले .

### 200 की हुई जांच, 40 के होंगे ऑपरेशन




**ब्यावरा 19 जनवरी, का.** स्थानीय सिविल अस्पताल में सोमवार को भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के द्वारा नि :शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया . शिविर में 200 नेत्र मरीजों की जांच की तथा 40 को मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु उपयुक्त पाया गया . आनंदपुर नेत्र चिकित्सालय से आई विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने नेत्र रोगियों की जांच की . ऑपरेशन के लिए 40 मरीजों का चयन कर उन्हें आनंदपुर चिकित्सालय भेजा गया . शिविर के दौरान राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग कार्यवाह धर्मेद्र शर्मा, रेडक्रॉस सोसाइटी के जिला सचिव संजय शेखर शर्मा, नेत्र चिकित्सक डॉ . शरद साहू आनंदपुर चिकित्सालय से डॉ . संजय पांडे, मुकेश सेन, गोपाल शर्मा उपस्थित रहे . संचालन नरेंद्र शर्मा ने किया तथा रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रदेश सदस्य डॉ . राकेश गुप्ता ने आभार व्यक्त किया .

# सरे बाजार बस को 50 फुट घसीटा ट्रक ने

## दुर्घटना में 14 घायल, गंभीर को शुजालपुर भेजा, तलेन में सुबह हुई घटना, मची अफरा-तफरी

नवभारत न्यूज

**तलेन 19 जनवरी, सं. सोमवार सुबह उस समय अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया जब इकलेरा चौराहा पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने बस को जोर की टक्कर मारते हुए उसे 50 फुट तक घसीट दिया. इस भीषण दुर्घटना के बाद बहुत देर तक चीख -पुकार मची रही. बस में सवार 14 से अधिक यात्री घायल हो गये, इनमें तीन-चार को गंभीर चोट आने पर शुजालपुर भर्ती कराया गया है.**

जानकारी के अनुसार तलेन पचोर-आष्टा रोड पर स्थित इकलेरा चौराहा पर यह सड़क दुर्घटना हुई. तेज रफ्तार ट्रक ने यात्रियों से भरी बस को जोर की टक्कर मार दी. इस भीषण दुर्घटना में बस में सवार 14 यात्री घायल हो गये. घायलों को शासकीय एवं निजी अस्पताल में ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को बाहर भेजा गया. बस में लगभग 22 यात्री सवार थे.

शिवशक्ति ट्रेवल्स की बस क्रमांक एम.पी.09, पी.ए. 0229 जो कि इकलेरा की और से आकर इंदौर तरफ जा रही थी जैसे ही बस तलेन के इकलेरा चौराहा पर आयी प्रात: 8 बजे के लगभग शुजालपुर तरफ से तेज गति से आ रहे ट्रक क्रमांक यू.पी. 77, ए.टी. 6656 ने बस को जोर की टक्कर मार दी. टक्कर होते ही चीख-पुकार मच गई, लोग यात्रियो के बचाव के लिए दौड़ पड़े. घटना की जानकारी लगते ही नायब तहसीलदार मनोज शर्मा, थाना प्रभारी राकेश दामले मौके पर पहुंचे. कुछ घायलों को नायब तहसीलदार ने अपने वाहन से शुजालपुर पहुंचाया.



### घायलों की मदद के लिए दौड़ पड़े लोग

दुर्घटना की जानकारी लगते ही आसपास मौजूद लोग घायलों के बचाव तथा उन्हें तुरंत अस्पताल तक पहुंचाने दौड़ पड़े . सभी सभी समुदाय के लोग घायलों की मदद के लिए आगे आये और वाहन से घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया . घायलों को शासकीय एवं प्राइवेट अस्पतालों में लेकर गए . दुर्घटना के समय देखने मैं आया कि सभी समाज के लोगों, विभिन्न संगठनों के लोगों ने आगे आकर घायलों की मदद कर मानवता की मिसाल पेश की . तलेन पुलिस द्वारा भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों की मदद की एवं आवागमन को सुचारु किया .

### काफी समय तक नहीं आई एम्बुलेंस

दुर्घटना की तुरंत जानकारी 108 एम्बुलेंस को दी किंतु काफी देर तक मौके पर एम्बुलेंस नहीं पहुंची . लोग एम्बुलेंस का इंतजार करते रहे . शासकीय औषधि केंद्र के डॉक्टर धर्मेंद्र बामनिया और स्टाफ द्वारा घायलों का तुरंत उपचार किया गया तथा गंभीर घायलों को शुजालपुर रेफर किया . बताया जाता है कि तलेन की एम्बुलेंस 108 करीब एक माह से मैंटेनेंस के नाम पर लापता है .

### वरना बड़ी अनहोनी हो जाती

जानकारी के अनुसार जिस चौराहा पर यह सड़क दुर्घटना हुई वहां पर 10 से 12 हाथ ठेले फल फ्रूट के लगते है, इनके द्वारा कभी-कभी सुबह बहुत जल्दी अपनी दुकान लगा ली जाती है किंतु सौभाग्य से सोमवार को दुर्घटना के समय यहां कोई दुकान नहीं लगी थी और न ही भीड़भाड़ थी वरना कोई बड़ी अनहोनी घट सकती थी.

### नहीं पहुंची एम्बुलेंस तो निजी वाहनों से घायलों को अस्पताल पहुंचाया


घटना की जानकारी लगते ही नायब तहसीलदार मनोज शर्मा, थाना प्रभारी राकेश दामले मौके पर पहुंचे . कुछ घायलों को नायब तहसीलदार ने अपने वाहन से शुजालपुर पहुंचाया . बस में सवार घायल यात्रियों में लखन सिंह पिता प्रभु नाथ उम्र 45 वर्ष बडबेली, देवीलाल पिता गुडीलाल उम्र 40 वर्ष हाल्याहेडी, रामसिंह पिता गोविंद उम्र 50, रूदाक्षी पिता भारत उम्र 7 वर्ष कमालपुर, राधीबाई पत्नी अर्जुन सिंह उम्र 32 वर्ष निवासी गोदना, अनीता पत्नी महेश उम्र 40 वर्ष इकलेरा, शांति बाई पत्नी बनेसिंह उम्र 40 वर्ष उण्डाई, रामकन्या पत्नी राधेश्याम उम्र 40 वर्ष नोलाय, पलक शर्मा पिता शरद शर्मा उम्र 29 वर्ष, गोविंद माली पिता आत्माराम माली उम्र 30 वर्ष इकलेरा, संतोष पिता कालू सिंह उम्र 25 वर्ष बडवेली, मनोज जाटव पिता मुकेश जाटव मिर्जापुर, पिंकी लववंशी पति सोहन लववंशी , सानवी लववंशी पिता सोहन लववंशी शामिल है .

### दुर्घटना के बाद जागा प्रशासन, हटवाया अतिक्रमण

जिस इकलेरा चौराहा पर यह भीषण सड़क दुर्घटना हुई है, उक्त चौराहा पूरी तरह अतिक्रमण की चपेट में होने से आये दिन दुर्घटनाओं का डर बना रहता है . सोमवार को हुई सड़क दुर्घटना के बाद एकाएक प्रशासन जागा और चौराहा पर मौजूद ठेले, गुमठियों व अन्य अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाई शुरु की .

### मुख्य चौराहा पर स्पीड ब्रेकर की दरकार

इकलेरा चौराहा पर ही शुजालपुर से पचोर रोड होकर निकला हुआ है, चौराहा पर एकाएक शुजालपुर से पचोर तरफ जाने वाले वाहन आ जाते है, सोमवार को इसी तरह अचानक तेज गति से ट्रक आया और सीधे बस से जा भिड़ा. जबकि इस जगह शुजलापुर तरफ से आने वाले मार्ग के यहां स्पीड ब्रेकर होना चाहिए ताकि वाहन की गति धीमे होकर दुर्घटनाओं को रोका जा सका. तलेन में आवागमन की दृष्टि से इकलेरा चौराहा मुख्य है. पचोर -शुजालपुर तथा कुरावर-सारंगपुर सारंगपुर मार्ग का मुख्य चौराहा है. इस चौराहे पर अतिक्रमण होने से अव्यवस्था हावी रही है. पचोर-शुजालपुर मुख्य मार्ग पर अगर ब्रेकर होते थे सोमवार को हुई दुर्घटना होने से टल सकती थी. इस चौराहे पर पूर्व में भी आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रही है. नागरिकों के द्वारा अनेक बार ब्रेकर बनाए जाने की मांग की गई किंतु इसको गंभीरता से नहीं लिया गया. इस चौराहे का चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण की मांग भी लम्बे समय से हो रही है, परंतु इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है.



### बसंत पंचमी पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 19 जनवरी, का. बसंत पंचमी के अवसर पर 23 जनवरी को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी. 22 जनवरी को रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा.**

जानकारी के अनुसार 23 जनवरी को प्रात: वाहन रैली एवं अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया जाएगा. इसके बाद जूना ब्यावरा स्थित श्रीनाथजी मंदिर के यहां से शोभायात्रा प्रारंभ होगी जो मुल्तानपुरा स्थित माधव जीन पर पहुंचेगी. इसके पूर्व 22 जनवरी को मेडतवाल नवयुवक संघ के तत्वावधान में स्थानीय मेडतवाल धर्मशाला में प्रात: 10 से दोपहर दोपहर 2 बजे तक रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा. उपरोक्त जानकारी देते हुए नवयुवक संघ अध्यक्ष रामकृष्ण गुप्ता एवं मिडिया प्रभारी सोनू गुप्ता भैंसाना वाले द्वारा समाज बंधुओं से अधिकाधिक संख्या में बसंती पंचमी के उपलक्ष्य में होने वाले आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया गया है.

# नियमित शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना प्राथमिकता

## राज्यमंत्री ने पेयजल आपूर्ति की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 19 जनवरी का. विधानसभा क्षेत्र सहित जिले के नगरीय एवं ग्रामीण इलाकों में पेयजल आपूर्ति की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार द्वारा व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने तथा आमजन को स्वच्छ, पर्याप्त एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये.**

नगर पालिका जल प्रदाय अमले को काचरी व कुशलपुरा स्थित जल यंत्रालय की सफाई कराकर शुद्ध पेयजल प्रदाय करने के निर्देश दिए गये. बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन को स्वच्छ, पर्याप्त एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी.




**सफाई हेतु चलाए विशेष अभियान** - राज्यमंत्री श्री पंवार ने कहा कि सभी फिल्टर प्लांट तत्काल चालू कर नागरिकों को शुद्ध पेयजल प्रदाय सुनिश्चित किया जाए. उन्होंने नगर की नालियों की नियमित सफाई हेतु विशेष अभियान चलाने, सड़कों पर गंदा पानी दिखाई न दे, इसके लिए ठोस कार्रवाई करने के निर्देश दिए. ब्यावरा एवं सुठालिया क्षेत्र में दूषित पानी की शिकायतों की सतत मॉनिटरिंग कर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. बैठक में अवैध नल कनेक्शन एवं पेयजल लाइनों से तोड़फोड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए गये.


बैठक के बाद म.प्र. भवन एवं कर्मकार मंडल अंतर्गत परिवार के मुखिया की मृत्यु हो जाने से आश्रितों को 2-2 लाख रुपए की अनुग्रह सहायता राशि के चेक प्रदान किए गये. इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह , एसडीएम गोविंद कुमार दुबे, जनपद सीईओ आर.के. मंडल , मुख्य नगर पालिका अधिकारी इकरार अहमद, महाप्रबंधक जल निगम, अनुविभागीय अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, उपयंत्री राहुल गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे.

### पंप हाउस से नदारद कर्मचारी निलंबित

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 19 जनवरी, का .** मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा सोमवार को नपा अमले के साथ कुशलपुरा इंटेकवेल के पम्प हाउस का निरीक्षण किया गया . इस दौरान वहां ताला लगा मिला और तैनात कर्मचारी नदारद मिले, मोटर पम्प चालू मिला . नपाधिकारी द्वारा ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों पर कार्यवाई की गई है . नपा के अनुसार मुख्य नपाधिकारी इकरार अहमद के नेतृत्व में अमले ने कुशलपुरा इंटकवेल पम्प हाउस का निरीक्षण किया . यहां ताला लगा हुआ था और मोटर पम्प चालू थे . जबकि पेयजल सप्लाई कर्मचारी हरिनारायण एवं रामबाबू इंटेकवेल पर से अनुपस्थित पाए गये . इस लापरवाही को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य नपाधिकारी द्वारा हरि नारायण पंप अटेंडेंट को निलंबित करने एवं रामबाबू संविदा श्रमिक को सेवा से पृथक करने के निर्देश दिए गये .

### छात्रवृत्ति का कार्य समय पर पूर्ण किए जाने के निर्देश

**पचोर 19 जनवरी, सं.** मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्र-छात्राओं की अनुसूचित जाति/जनजाति के ओटीआर कार्य तथा मध्य प्रदेश डेस्क के कार्य पूर्ण कराने हेतु अशासकीय विद्यालय की बैठक की गई. बैठक में सभी विद्यालयों के प्राचार्य को ब्लॉक खंड शिक्षा अधिकारी डॉक्टर सुरेश बिर्मल निर्देश देते हुए मैट्रिक छात्रवृत्ति के शीघ्र पूर्ण किए जाए. प्रो. संतोष मित्तल, सरस्वती विद्यामंदिर, शास्त्री स्मृति विद्यामंदिर, संस्कार एकेडमी, ज्ञानस्थली स्कूल, हाई स्कूल लखेसरा, मां शारदा कौड़ियाखेड़ी एवं ग्रन्थ प्रेरणा हाई स्कूल अन्य विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे.



## सत्संग

### प्रमुख स्वामीजी का आगमन, दूधी स्थित श्री राधा स्वामी सत्संग आश्रम में होगा सत्संग

# ट्रेन-बसों में नहीं मिली जगह, सत्संग में उमड़ा सैलाब

**आज और कल होगा सत्संग, लाखों साधक आए**

नवभारत न्यूज

**करनवास/ब्यावरा 19 जनवरी, सं. पचोर रोड पर ग्राम दूधी के यहां स्थित श्री राधा स्वामी सत्संग आश्रम में आज और कल स्वामी जी के सत्संग का भव्य आयोजन होगा. सत्संग के आयोजन में देश भर से लाखों की संख्या में साधक शामिल हो रहे है. सोमवार को नगर में आने वाली ट्रेनों एवं बसों में भारी भीड़ रही. पैर रखने तक की जगह नहीं मिली.**

आज सुबह से सत्संग का आयोजन प्रारंभ होगा. सत्संग में देश के विभिन्न प्रांतों से लाखों की संख्या में साधकगण आये है. सोमवार को बीना-नागदा सहित अन्य ट्रेनों एवं चहुंऔर से आने वाली यात्री बसों में काफी भीड़ रही. वहीं सैकड़ो की संख्या में निजी वाहनों से साधकगण आये. हाईवे पर काफी व्यस्त यातायात रहा. नगर एवं आसपास के स्थानों पर मौजूद लॉज, धर्मशाला, होटल बुक हो चुके है.



### व्यवस्थाओं में जुटा अमला

श्री राधा स्वामी सत्संग के आयोजन में लाखों की संख्या में साधकगण आये है, इतने बड़े आयोजन के चलते यातायात व अन्य व्यवस्थाओं की देखरेख में पुलिस प्रशासन का अमला लगा हुआ है. हाईवे एवं आयोजन स्थल के आसपास बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात होकर व्यवस्थाओं को संभाले हुए है.

### स्वामी जी का आगमन

सोमवार की देर शाम को स्वामी जी का सत्संग स्थल पर आगमन हुआ. भोपाल से सड़क मार्ग से वाहनों के काफिले के साथ स्वामी जी दूधी स्थित सत्संग स्थल पहुंचे. जहां आज सत्संग का आयोजन होगा.

### ट्रेक्टर ट्रॉलियों से लम्बा सफर तय कर आ रहे

वहीं सैकड़ो की संख्या में साधकगण ट्रेक्टर ट्रॉलियों से सत्संग स्थल पर पहुंच रहे है . सोमवार को काफी संख्या में ट्रेक्टर ट्रॉली से साधकगण आये . बताया जाता है कि 60 से 70 किमी दूर तक से साधकगण ट्रेक्टर ट्रॉलियों के द्वारा आ रहे है .